# हवाई यात्रा के लिए 17 शहरों से सीधे जुड़ा प्रयागराज

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। प्रयागराज महाकुंभ में बड़ी संख्या में शामिल हो रहे श्रद्धालुओं को देखते हुए उड्डयन मंत्रालय ने उड़ानों की संख्या को बढ़ा दिया है।

मौजूदा वक्त में प्रयागराज से 17 शहरों के लिए सीधे उड़ान सेवा उपलब्ध है। जबकि श्रीनगर और विशाखापत्तनम सहित 26 शहरों के लिए कनेक्टिंग उड़ानें पहुंच रही हैं। मंत्रालय की तरफ से जानकारी दी गई है कि जनवरी में 81 अतिरिक्त नई उड़ाने शुरू की गई हैं।

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू ने निर्देश दिया है कि विमानन कंपनियां किराए को नियंत्रित रखें। इसके साथ ही, शाही और विशेष स्नान दिवसों में पर्याप्त क्षमता के साथ विमानन सेवा को सुनिश्चित करें। खास तौर पर 29 जनवरी और तीन, चार, 12 और 26 फरवरी को एयरलाइंस यात्रियों को समायोजित करने के लिए पर्याप्त क्षमता के साथ उड़ान सेवा को संचालित करें। इसी बीच विमानन कंपनियां उड़ानों की संख्या को बढ़ाने जा रही हैं।